दैनिक
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 292 | इंदौर, मंगलवार 02 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

Headline

1. Karnataka Election: कांग्रेस का घोषणापत्र जारी, नफरत फैलाने वाली संस्थाओं पर बैन का वादा, लिया बजरंग दल का नाम
2. The Kerala Story: 'आरोपों' पर मुस्लिम संगठन बनाम दक्षिणपंथी कार्यकर्ता, एक के बदले 10 करोड़ इनाम की पेशकश
3. UP Nikay Chunav 2023: हाथ वाला कांग्रेस का नहीं, न ही साइकिल वाला सपा का, प्रत्याशियों को लेकर दिलचस्प नजारा
4. Weather: मौसम के बदले मिजाज से कहीं राहत तो कहीं आफत, आज भी 11 राज्यों में तेज बारिश के आसार
5. Arun Gandhi: महात्मा गांधी के पोते अरुण मणिलाल गांधी का निधन, 89 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस
6. Pakistan: बिलावल भुट्टो की बहन ने निकाह के बाद कराची के हिंदू मंदिर में जाकर किए दर्शन, सोशल मीडिया पर हलचल

चुनाव को लेकर एक्शन में सीएम

विधायकों को बताए उनके क्षेत्र के हाल

वन टू वन चर्चा में कहा- जो भी फैसला होगा, उसके लिए आप खुद जिम्मेदार होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव को अब छह महीने का वक्त बचा है। ऐसे में अब सीएम एक्शन में आ गए हैं। वहीं भाजपा और कांग्रेस में टिकट को लेकर हलचल तेज हो गई है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आज मंगलवार को 22 विधायकों से वन टू वन चर्चा की। सीएम ने विधायकों को पूरे कार्यकाल की परफॉर्मेंस रिपोर्ट और सर्वे में सामने आई स्थिति को बता दिया। विधायकों को साफ लहजे में कहा कि पब्लिक और कार्यकर्ताओं से फीडबैक में जो स्थिति सामने आई है, इस पर आगे जो भी फैसला लिया जाए, उसके लिए आप खुद जिम्मेदार होंगे।

सीएम शिवराज ने विधायकों को पांच-पांच मिनट में उनकी परफॉर्मेंस रिपोर्ट दी। हालांकि कुछ विधायकों से लंबी चर्चा भी की। बैठक के बाद विधायकों ने अनौपचारिक रूप से ये बात स्वीकारी कि उनकी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर उन्हें अपने क्षेत्र में स्थिति ठीक करने को कहा गया है। सीएम ने हर विधायक से क्षेत्र में विकास कार्यों में दी गई राशि और बड़े प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी ली। विधानसभा क्षेत्र की बड़ी परियोजनाओं, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी पूछा। विधायकों से पूछा कि आपके क्षेत्र में कौन सा अधिकारी - कर्मचारी ठीक काम नहीं कर रहा है। विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 22 विधायकों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें उनकी कमियां बताईं और उन्हें सुधारने का भी कहा।

● विधायकों ने स्वीकारा- सीएम ने कहा कि जनता से संपर्क बढ़ाएं

बैठक के बाद हटा विधायक पुरुषोत्तम लाल तंतुवाय ने बताया कि बैठक में हमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने बताया कि किस तरह से जनता के बीच में आगे और काम करना है। दोबारा सीट जिताकर भाजपा की सरकार बनाना है। सर्वे को लेकर हुई चर्चा पर विधायक तंतुवाय ने कहा- जमीनी स्थिति ठीक है, उसमें (सर्वे) जो कुछ भी कमियां हैं, क्षेत्र में मेहनत कर, जनता से संपर्क कर पूरा करना है। सरकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताना है।

● हमारी कमियों और मुश्किलों पर की चर्चा

शमशाबाद विधायक राजश्री सिंह ने कहा कि चुनावी साल में कई तरह के सर्वे होते हैं। सर्वे में विधायकों की सारी रिपोर्ट्स तैयार होती हैं। उसी संबंध में सीएम साहब ने हमें बुलाया था। जो भी विधायकों की कमियां हैं और विधायक जो अच्छा कर रहे हैं, वो सारी स्थितियां हमारे सामने रखी हैं ताकि कमियों में सुधार हो सकें। सब विधायकों से वन टू वन मीटिंग हुई है। विधायकों को मुख्यमंत्री जी भरपूर समय दे रहे हैं। किसी से पांच मिनट में बात पूरी हो जाती है, किसी को दस मिनट, तो किसी से आधे घंटे तक चर्चा हो रही है। अगर किसी की समस्या बड़ी है तो उसे ज्यादा समय दे रहे हैं। वो हमारे बॉस हैं तो हमारी जो कमियां हैं वो भी बता रहे हैं। जहां हमें मुश्किलें आ रही हैं उन्हें भी दूर कर रहे हैं।

● इन विधायकों से हुई सीएम की चर्चा

सीएम हाउस में विधायक पीएल तंतुवाय (हटा), मालिनी गौड़(इंदौर), राजेश प्रजापति(चंदला), राज्यवर्धन सिंह (नरसिंहगढ़), राजश्री सिंह (शमशाबाद), पारस जैन (उज्जैन), लीना जैन (गंजबसौदा) सहित करीब 22 विधायकों से सीएम ने वन टू वन चर्चा की।

प्रदेशवासियों को बिजली में मिल सकती है राहत

बिजली कंपनियों को घाटे से उबारकर फायदे में लाने के कारण घट सकते है बिजली के दाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। मध्यप्रदेश के ऊर्जा सचिव संजय दुबे ने बड़ा दावा किया है, जबलपुर में बिजली कंपनियो के मुख्यालय शक्ति भवन में मंथन कार्यक्रम में पहुंचे संजय दुबे ने कहा कि अगले साल प्रदेश में बिजली के दाम घटाए जा सकते हैं। ऊर्जा सचिव संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश में बिजली कंपनियों को घाटे से उबारकर फायदे में लाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है और उम्मीद है कि अगले साल प्रदेश में बिजली के दाम घटा दिए जाएं।

संजय दुबे ने दावा किया कि मध्यप्रदेश के ऊर्जा विभाग ने बीते 2 सालों में देश में सबसे बेहतर काम किया है, ऊर्जा सचिव ने कुछ आंकड़े देते हुए कहा कि प्रदेश में ट्रांसमिशन एंड लाईन लॉस 41 फीसदी से घटाकर 17.5 फीसदी पहुंच गया है, जिससे बिजली कंपनियों का घाटा 12 हजार करोड़ रुपए कम हो गया है। ऊर्जा सचिव ने इस साल ट्रांसमिशन एंड लाईन लॉस और घटनाकर 15 फीसदी के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा है। संजय दुबे ने कहा कि ऐसा होने पर बिजली कंपनियां घाटे से उबारकर फायदे में आएंगी जिसका लाभ, उपभोक्ताओं को बिजली के दाम घटाकर दिया जाएगा।

संजय दुबे ने बताया कि इस साल महाराष्ट्र में 15 फीसदी और गुजरात में 8 फीसदी के मुकाबले मध्यप्रदेश में बिजली के दाम सिर्फ 1.5 फीसदी बढ़े हैं जबकि प्रदेश में कोयला आयात के अलावा बिजली की मांग में रिकॉर्ड 14 फीसदी की बढ़ौतरी हुई थी। ऊर्जा सचिव संजय दुबे ने कहा कि उम्मीद पूरी है कि अगले साल बिजली के दाम बढ़ाने की बजाय घटाए जा सकें। शक्ति भवन में आयोजित मंथन कार्यक्रम में पहुंचे ऊर्जा सचिव संजय दुबे ने यहां बिजली कंपनियों के कामकाज की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि कई नवाचारों से घाटे घटाकर मध्यप्रदेश ने ऊर्जा विभाग जो मॉडल पेश किया है उसकी तारीफ केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने भी सीएम शिवराज को पत्र लिखकर की है।

ट्रेफिक रुल्स को लेकर चलेगा जागरूकता अभियान

ब्लैक स्पॉट की तकनीकी तथा अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए उपसमितियों का गठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुयी। बैठक में डी.सी.पी. ट्राफिक श्री मनीष अग्रवाल, ए.डी.एम. श्री अजय देव शर्मा सहित परिवहन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, यातायात पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में इंदौर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाने, यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता लाने, सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम तथा ब्लैक स्पॉट की तकनीकी तथा अन्य समस्याओं को दूर करने के संबंध में चर्चा की गयी।

बैठक में बताया गया कि यातायात के नियमों के संबंध में जागरूकता लाने और उनका पालन सुनिश्चित हो, के बारे में जागरूकता लाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को क्रियान्वित करने के लिए तथा प्रशिक्षण आदि देने के लिए जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण उप समिति का गठन किया गया है। इस समिति में उपायुक्त ट्रेफिक पुलिस, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा तथा जिला शिक्षा अधिकारी को शामिल किया गया है। इसी तरह बताया गया कि ब्लैक स्पॉट एवं शहर के अन्य व्यस्ततम चौराहों की तकनीकी खामियों का पता लगाकर उन्हें दूर करने संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक तकनीकी उप समिति का गठन किया गया है। इस समिति में प्रबंधक एमपीआरडीसी, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी डिवीजन क्रमांक-2, प्रबंधक एनएचएआई, प्रबंधक पीएमजीएसवाय, एसई इंदौर विकास प्राधिकरण, कार्यपालन यंत्री यातायात नगर निगम तथा एचओडी सिविल जीएसआईटीएस को शामिल किया गया है। आपातकालिन स्थिति में उपचार, एम्बूलेंस आदि की व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करने के संबंध में कार्यवाही के लिए आपदा उप समिति का गठन किया गया है। इस समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम, अधिष्ठाता, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अधीक्षक फायर बिग्रेड तथा डिस्ट्रिक कमांडेंट होम गार्ड को रखा गया है। इसी प्रकार ट्रेफिक नियमों एवं दुर्घटना के बचाव तथा सुझावों के अमल के लिए अनुपालन उप समिति गठित की गयी है। समिति में उपायुक्त पुलिस मुख्यालय,उपायुक्त ट्रेफिक पुलिस, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी डिवीजन क्रमांक-2 को शामिल किया गया है।

बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर तकनीकी समस्याओं को दूर करने लिए तुरंत कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस संबंध में गठित उप समिति अपनी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने यातायात पुलिस से कहा कि वे पिछले वर्ष में हुयी सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत विश्लेषण रिपोर्ट देंवे। उन्होंने यातायात के नियमों संबंधी जागरूकता लाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इस अभियान में जन प्रतिनिधियों का सहयोग लेने की बात भी कहीं।

शराब दुकान का विरोध करने वालों के बीच पहुंची मंत्री उषा ठाकुर

इंदौर। इंदौर की स्कीम-71 में रहवासी क्षेत्र और एक अस्पताल के समीप शराब दुकान खुल गई है। जिसका रहवासी विरोध कर रहे है। उन्होंने धरना देकर शराब दुकान हटाने की मांग की। रहवासियों के बीच पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर भी पहुंची और उन्होंने कहा कि वे रहवासियों के साथ है। रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान नहीं खुलना चाहिए। स्कीम नंबर 71 सेक्टर डी के मुख्य सर्विस रोड पर देशी व विदेशी शराब की दुकान खुलने पर क्षेत्र के रहवासियों ने कड़ा विरोध किया। रहवासियों का कहना है कि शराबी शराब पीकर क्षेत्र में हंगामा करते है और आहते बंद होने के कारण कई बार सड़क किनारे और ग्रीन बेल्ट में बैठकर शराब पीते है। इससे नाराज रहवासियों ने शराब दुकान के सामने धरना दिया। धरने पर बैठी महिलाओं के बीच संस्कृति सुश्री उषा ठाकुर भी पहुंची। उनसे

महिलाएं बोलीं कि शराब दुकान से हमारा कॉलोनी में रहना मुश्किल हो जाएगा। शराब दुकान के पास ही अस्पताल और बच्चों के स्कूल का बस स्टाफ है।अपने बच्चों को हम स्कूल नहीं भेज पाएंगे। मंत्री ने कहा कि वे रहवासियों के साथ है और शराब दुकान हटवाने के लिए अफसरों को कहेंगी। आंदोलन समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह चौहान ने बताया कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अनुसार यह आवासीय भूखंड है। यहां शराब दुकान खुलाना इंदौर विकास प्राधिकरण की लीज शर्तों का उल्लंघन भी है। कांग्रेस के पार्षद रफीक खान ने भी रहवासियों के विरोध का समर्थन किया है।

यात्रियों की सुविधा के लिए इंदौर से चलने वाली छह ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के कारण अधिकांश ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ चुकी है। ऐसे में यात्रियों को कंफर्म सीट उपलब्ध नहीं हो पा रही। बढ़ती वेटिंग को देखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने छह जोड़ी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। इंदौर से चलने वाली इन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा दी गई हैं, ताकि यात्रियों को कंफर्म सीट मिल सके। यात्रियों की सुविधा के लिए रतलाम मंडल की छह जोड़ी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगेक ट्रेन न. 20916/20915 इंदौर-लिंगमपल्ली-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में इंदौर से 6 मई से 27 मई तक व लिंगमपल्ली से 7 मई से 28 मई तक एक थर्ड एसी कोच अस्थायी रूप में लगाया जाएगा। ट्रेन न. 20917/20918 इंदौर-पुरी-इंदौर सुपरफास्ट में इंदौर से 2 मई से 30 मई तक व पुरी से 4 मई से 1 जून तक एक थर्ड एसी कोच अस्थायी रूप में लगाया जाएगा। ट्रेन न. 19320/19319 इंदौर-वेरावल-इंदौर महामना एक्सप्रेस में इंदौर से 2 मई से 30 मई तक व वेरावल से 3 मई से 31 मई तक एक स्लीपर कोच अस्थायी रूप में लगाया जायेगा। ट्रेन न. 19333/19334 इंदौर-बीकानेर-इंदौर महामना एक्सप्रेस में इंदौर से 6 मई से 27 मई तक व बीकानेर से 7 मई से 28 मई तक एक स्लीपर कोच अस्थायी रूप में लगाया जायेगा। इसके अलावा इंदौर-जोधपुर-इंदौर रणथंभौर एक्सप्रेस और इंदौर-जयपुर-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन में भी एक थर्ड ऐसी और स्लीपर श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे।

कलेक्ट्रेट में देरी से आने वाले कर्मचारियों की अब खैर नहीं

कलेक्टर की चेतावनी; ड्यूटी पूरी नहीं करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समय पर ड्यूटी पर नहीं आने वाले सरकारी कर्मचारियों की अब खैर नहीं। हर कर्मचारी के आने-जाने के समय की मॉनिटरिंग होगी और लापरवाही पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके लिए टीम नियमित मॉनिटरिंग करेगी।

यह बात कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी. ने सोमवार को टीएल बैठक में कही। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सरकारी सुबह निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे। वे कार्यालय में निर्धारित समय तक रुके और आमजनों के हितार्थ अधिक से अधिक काम करें। इसके लिए कलेक्टर ने टीम बनाने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि उनसे संबंधित अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में हो। यह भी तय करें कि उनका विभाग प्रकरणों के निराकरण में प्रदेश में प्रथम दस जिलों में शामिल रहे। अधिकारी इस सप्ताह में प्रकरणों के निराकरण पर विशेष फोकस करें।

हड़ताल के चलते व्यवस्थाओं के निर्देश-

कलेक्टर ने मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन एवं महासंघ द्वारा प्रस्तावित चरणबद्ध हड़ताल के मद्दे नजर निर्देश दिए हैं कि सभी सरकारी अस्पतालों में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि वहां प्रसूति एवं अन्य जरूरी उपचार कार्य प्रभावित नहीं हो। इसके लिए प्राइवेट अस्पतालों के डॉक्टरों की सेवाएं ली जाएं। किसी भी हाल में प्रसूति एवं अन्य जरूरी उपचार कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूलों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इन स्कूलों में समर कैंप लगाने तथा कम्प्यूटर सिखाने की व्यवस्था भी हो। स्कूलों में चलाए जा रहे जाति प्रमाण पत्र बनाने के अभियान को भी गति दी जाए। सभी सरकारी स्कूलों में ड्रॉप आउट बच्चों की सूची तैयार की जाए। चिह्नित बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित किया जाए कि वे अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। इस कार्य में स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद भी ली जाए।

आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में अव्वल दिव्यांगों को सांसद ने किया पुरस्कृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं आर्म रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा 30 अप्रैल 2023 को गांधी हॉल में आयोजित दिव्यांग आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में अव्वल रहे दिव्यांग प्रतिभाओं को सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरुष वर्ग श्रेणी में दृष्टि/श्रवण/अस्थिबाधित में गोल्ड मेडल श्री सतीश राठौर ने जीता। सिल्वर मेडल श्री अंकित चौहान और ब्राउन्स मेडल श्री देवेन्द्र यादव को प्राप्त हुआ। पुरुष वर्ग श्रेणी बौद्धिक दिव्यांग में मानसिक रूप से अविकसित बच्चों का गृह इंदौर के श्री देवा ने गोल्ड मेडल तथा श्री अर्जुन ने ब्राउन्स पदक प्राप्त किया। आसरा संस्था के श्री पियूष को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। महिला वर्ग व्हीलचेयर अस्थिबाधित श्रेणी में सुश्री भावना बैरागी को गोल्ड पदक एवं सपना शर्मा को सिल्वर पदक प्राप्त हुआ। महिला बौद्धिक/बहु दिव्यांग श्रेणी में श्री युगपुरुष धाम विकास केन्द्र की सुश्री पूजा को गोल्ड पदक, सुश्री समीरा को सिल्वर एवं सुश्री रीनू को ब्राउन्स पदक प्राप्त हुआ। महिला श्रवण बाधित/दृष्टिहीन श्रेणी में महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ की सुश्री सीता को गोल्ड पदक तथा सुश्री नम्रता चौहान को ब्राउन्स पदक प्राप्त हुआ। संस्था मूक बधिर संगठन की सुश्री रितिका को सिल्वर पदक प्राप्त हुआ।

सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे
फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखो

ऐसे चलता है ठगी का धंधा

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

SAAT JANMO KA BANDHAN
YA JHUT FAREB KI ULJHAN

PATA KARE SACH,
DETECTIVE KE SANG

आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

पूर्व मंत्री दीपक जोशी बोले-6 मई को ज्वाइन करूंगा कांग्रेस

कहा-जो सम्मान देगा, मैं उसके साथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेश में भाजपा को बड़ा झटका लग सकता है। पूर्व सीएम कैलाश जोशी के बेटे और शिवराज सरकार में मंत्री रहे दीपक जोशी जल्द ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं। दीपक जोशी ने कांग्रेस ज्वाइन करने की तारीख 6 मई बताई है। पीसीसी चीफ कमलनाथ से उनकी बातचीत भी हो चुकी है। खुद भाजपा नेता और पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने इसकी पुष्टि की है। दीपक जोशी ने कहा कि जो मुझे सम्मान देगा, मैं उसके साथ रहूंगा। इस पर कमलनाथ ने कहा कि ये अभी ट्रेलर है, आगे-आगे देखिए क्या होता है।

दीपक जोशी ने कहा कि मैं पिताजी की राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाऊंगा। जनता का जो सहयोग पिताजी को मिलता रहा है। उन संबंधों को जीवित रखने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। मैं कांग्रेस जॉइन कर रहा हूं। 5 मई को मेरी पत्नी की पहली बरसी है। सात दिन तक कार्यक्रम चलेंगे, उसके बाद कांग्रेस जॉइन करूंगा।

तख्ता पलट के बाद से चल रहे उपेक्षित

साल 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस विधायकों के बीजेपी में शामिल होने के बाद कमलनाथ सरकार गिर गई थी। इस्तीफा देने वालों में हाटपिपल्या से दीपक जोशी को हराकर विधायक बने मनोज चौधरी भी बीजेपी में शामिल हो गए थे। इसके बाद हुए उपचुनाव में मनोज चौधरी फिर विधायक बन गए थे। चौधरी के विधायक बनने के बाद से ही दीपक जोशी उपेक्षित महसूस कर रहे थे।

टोलकर्मियों ने करणी सेना के कार्यकर्ता का सिर फोड़ा

टोल प्लाजा में तोड़फोड़ की; 5 लोगों पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

शाजापुर। शाजापुर में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे के टोल प्लाजा पर करणी सेना के कार्यकतार्ओं ने जमकर तोड़फोड़ कर दी। करणी सेना ने आरोप लगाया कि उसके एक कार्यकर्ता के साथ टोल कर्मचारियों ने मारपीट की। इसके बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लाठी-डंडों के साथ मुंह पर कपड़ा बांधकर टोल प्लाजा पहुंचे। यहां करीब 3 घंटे तक बवाल किया। प्लाजा में कम्प्यूटर सहित अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया।

सूचना के बाद एडिशनल एसपी, सहित 4 थानों की पुलिस पहुंची, लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने। 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला शांत हुआ। इसमें टोलकर्मी पर फायरिंग करने के भी आरोप लगे हैं। घटना रविवार देर रात 10 बजे की है।

देर रात हुई एफआईआर तब हटे करणी सैनिक

करणी सेना के कार्यकर्ता टोल प्लाजा के कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर की मांग पर अड़े थे। रात 1 बजे तक पुलिस अधिकारी करणी सेना के लोगों को समझाते रहे। इस दौरान वाहनों की आवाजाही भी रोक दी गई। मक्सी पुलिस ने करणी सेना के पदाधिकारी सोनू उर्फ राजेंद्र सोनगरा की शिकायत पर टोल कर्मचारी ब्रजेंद्र सिंह चौहान, एसके सिंह, सुधांशु गौड़, सुधांशु तिवारी, प्रशांत शर्मा सहित अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज का मामला दर्ज किया है। तब जाकर यातायात चालू हो सका।

टोल टैक्स मांगने पर हुआ था विवाद

करणी सेना का कार्यकर्ता सोनू उर्फ राजेंद्र सोनगरा अपनी कार लेकर टोल प्लाजा से निकल रहा था। इस दौरान उसका टोल टैक्स को लेकर टोलकर्मियों से विवाद हो गया। टोलकर्मियों ने युवक सोनू से मारपीट कर दी। मारपीट में सोनू का सिर फट गया। इसके बाद विवाद अधिक बढ़ गया। मारपीट में घायल सोनू ने करणी सेना के अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। जिसके बाद बड़ी संख्या करणी सैनिक टोल प्लाजा पर आ गए। उनके चेहरे में कपड़ा और हाथों में लाठी-डंडे थे। इसके बाद वे प्लाजा के काउंटर में घुसे और जमकर तोड़फोड़ की।

अब वीकेंड पर भी वंदे भारत को चलाने की तैयारी

भोपाल रेल मंडल कर रहा सर्वे, पब्लिक ओपिनियन के बाद होगा तय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल से हजरत निजामुद्दीन जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। भोपाल रेल मंडल अब वंदे भारत एक्सप्रेस को वीकेंड पर भी चलाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए पब्लिक ओपिनियन के लिए रेलवे एक सर्वे भी कर रहा है। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों के अनुसार रानी कमला कमलापति से चलकर हजरत निजामुद्दीन को जाने वाली गाड़ी संख्या 20171 वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर इन दिनों पब्लिक की ओपिनियन ली जा रही है। इसके बाद ही कोई निर्णय भोपाल रेल मंडल लेगा।

इसलिए कर रहे सर्वे

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कई यात्रियों से लगातार फीडबैक मिल रहे थे कि वह वीकेंड पर नई दिल्ली जाते हैं। मगर उस दिन वंदे भारत ट्रेन उन्हें नहीं मिल पाती। अधिकारियों ने बताया कि पहले से ही लोगों के रुझान मिल रहे हैं कि लोग वीकेंड पर इस गाड़ी से जाना चाहते हैं, अगर ऐसा हुआ तो रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी।

अभी सप्ताह में चल रही 6 दिन

अभी तक वंदे भारत ट्रेन रानी कमलापति से हजरत निजामउद्दीन के लिए सप्ताह में 6 दिन (शनिवार छोड़कर) चलाई जा रही है। इसी के साथ वापसी में भी यह ट्रेन शनिवार छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलाई जा रही है।

यह है वंदे भारत का शेड्यूल

गाड़ी संख्या 20171 रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 5.40 बजे चलकर 8.46 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पहुंचती है। फिर 9.48 बजे यह ट्रेन ग्वालियर स्टेशन पहुंचती है। यहां से चलकर यह ट्रेन 11.25 पर आगरा और फिर दोपहर 1. 10 बजे हजरत निजामउद्दीन स्टेशन पहुचती है। इसी तरह गाड़ी संख्या 20172 हजरत निजामउद्दीत से दोपहर 2.40 बजे चलकर शाम 4.22 बजे आगरा स्टेशन पहुंचकर फिर यह ट्रेन 5.45 बजे ग्वालियर और 7.03 बजे झांसी पहुंचती है। झांसी से चलकर वंदे भारत एक्सप्रेस रात 10.10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंचती है।

इधर इंदौर-जबलपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस की भी तैयारियां शुरू

इंदौर से जबलपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन के लिए जबलपुर रेल मंडल पूरी तैयारियां कर चुका है। ट्रेन के रखरखाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह ट्रेन उज्जैन के रास्ते से भोपाल आएगी और फिर यहां से जबलपुर के लिए जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही यात्रियों को यह सुविधा मिलेगी।

लगातार यात्रियों के रुझान को देखते हुए वंदे भारत को वीकेंड पर चलाने के लिए पब्लिक ओपिनियन ली जा रही है। यात्रियों की ओपिनियन के बाद ही तय होगा कि वंदे भारत को क्या वीकेंड पर चलाया जाए या नहीं।-सौरभ बांदोपाध्याय, डीआरएम भोपाल

भाजपा विधायक ने जिलाध्यक्ष पर की जातिसूचक टिप्पणी

● सेन समाज ने फूंका पुतला; विरोध होता देख मांगनी पड़ी माफी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

शिवपुरी। शिवपुरी में भाजपा में आपसी खींचतान सामने आने लगी है। दरअसल यहां कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी और रन्नौद मंडल अध्यक्ष अवध बोहरे के बीच बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह जिलाध्यक्ष नवनीत सेन के बारे में जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर रहे हैं। जिसके बाद से सेन समाज आक्रोशित है।

ग्वालियर में सेन समाज ने विधायक का पुतला तक फूंका। वहीं शिवपुरी में भी विरोध-प्रदर्शन की तैयारी चल रही है। जिसके बाद विधायक वीरेंद्र रघुवंशी डैमेज कंट्रोल करने की स्थिति में आ गए। उन्होंने एक वीडियो जारी किया। उसमें वे सफाई देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने सेन समाज से माफी भी मांग ली है।

क्या है ऑडियो में...

कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने रन्नौद भाजपा मंडल अध्यक्ष अवध बोहरे को फोन लगाकर कहा - केवल सुन लेना.. जो भी हरकतें हुई वह पहले तुम्हारी तरफ से हुई है। मैं गंभीरता रखे हुए हूं, तुम टीम तोड़ोगे और हटाने की बात करोगे तो मैं चैलेंज कर रहा हूं, मैं तुम्हें हटवा दूंगा.. कोई रोक नहीं पाएगा। जो कहता हूं वह करता हूं। यह पूरा संभाग जानता है। व्यवस्था को सुधारने का काम करें। 6 महीने बाद चुनाव है। तुम मिल सकते हो पाकिस्तान और चीन के साथ। मेरा यह स्वभाव नहीं है।

मुख्यमंत्री उद्यम कांति योजनान्तर्गत सफलता की कहानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देवास। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, देवास द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजना मुख्यमंत्री उद्यम कांति योजना के अंतर्गत निवासी 23 अग्रसेन नगर, देवास के रहने वाली श्रीमती सारिका राय (मो.न. 9131867462) ने उद्योग विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर मे भाग लेकर मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनान्तर्गत एमपीऑनलाईन के माध्यम से रूपये 15.00 लाख के ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। विभाग द्वारा प्रस्तुत आवेदन परीक्षण उपरांत आयडीबीआय बैंक, शाखा देवास को प्रेषित किया गया। बैंक द्वारा आवश्यक औपचारिकताओ के पश्चात श्रीमती सारिका राय को रूपये 13.93 लाख का ऋण गियर जॉब वर्क हेतु स्वीकृत एवं वितरित किया गया। श्रीमती सारिका द्वारा, 88 ए इण्डस्ट्रीयल एरिया 88 नम्बर 1 देवास में सारिका इंजिनियरिंग वर्क्स के नाम से उद्योग संचालित कर रही है। श्रीमती सारिका राय इस उद्योग से लगभग महीने के 50 हजार रूपये कमा लेती है साथ ही गियर जॉब वर्क हेतु 10 अन्य व्यक्तियों को रोजगार भी प्रदान कर रही है। श्रीमती सारिका कहती है, कि परिवार की पहले आर्थिक स्थिति अच्छी नही थी लेकिन इस उद्योग के प्रारंभ होने से परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी हो गयी है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से वे आत्मनिर्भर बनी है तथा वे यह कहती है कि सरकार ने बेरोजगार युवक-युवतियों को ध्यान में रखते हुऐ अच्छी योजना बनायी हैं। अतः वह मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देती है।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल के भतीजे मोनू पटेल की मौत

● घर के कमरे में बिस्तर पर उल्टा पड़ा मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर से बीजेपी के विधायक जालम सिंह पटेल के बेटे और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल के भतीजे मणि नागेंद्र उर्फ मोनू पटेल (32) का रविवार की मौत हो गई। उसकी ब्रेन हेमरेज या हार्टअटैक से मौत की आशंका है। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 1 बजे मोनू नरसिंहपुर के गोटेगांव स्थित घर के अपने कमरे में गया था। उसके बाद शाम 6 बजे तक जब उसका कमरा नहीं खुला, तो परिजन ने जाकर देखा। मोनू बिस्तर पर उल्टा पड़ा मिला। उसे गोटेगांव के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मोनू को मृत घोषित कर दिया।

गोटेगांव के सरकारी अस्पताल में उनके समर्थकों की भीड़ मौजूद रही। सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव घर ले जाया गया। मोनू के पिता विधायक जालम सिंह निधन होने की खबर के बाद कल शाम से घर पर ही थे। मोनू के निधन पर सांसद उदय प्रताप सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने ट्वीट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

संपादकीय

जटिलताओं पर गौर करने की जरूरत

दिल्ली के बदरपुर इलाके में स्थित एक स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र ने सिर्फ संयोगवश अपने दो सहपाठियों को सिगरेट पीते देख लिया और इसकी शिकायत कर देने की बात कह दी। यह एक ऐसी बात है, जिसे आम सामाजिक जीवन में बिल्कुल सामान्य गतिविधि के तौर पर देखा और लिया जाता रहा है। लेकिन सिर्फ इतने भर के लिए सिगरेट पीने वाले दोनों छात्रों के भीतर ऐसी प्रतिक्रिया पैदा हुई कि वे पहले अपने सहपाठी को बहला-फुसला कर सुनसान जगह पर ले गए, वहां उसकी पत्थरों से मार कर हत्या कर दी और शव को एक नाले में फेंक दिया। इस अपराध की प्रकृति को देखा जाए तो एकबारगी यह पेशेवर अपराधियों की हरकत लगती है, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से अपराध को अंजाम देने और बचने की कोशिश की जाती है। इस घटना में बेहद त्रासद और दुखद यह है कि दो ऐसे बच्चे हत्या के आरोपी हैं, जो अभी महज कदीब बारह साल के हैं। जाहिर है, कानून की कसौटी पर इसमें बच्चों को नाबालिग आरोपी मान कर बरता जाएगा और उसी मुताबिक निर्धारित सजा भी तय होगी। लेकिन इस मामले को सिर्फ एक सामान्य अपराध मानने के बजाय इसकी जटिलताओं पर गौर करने की जरूरत है। समाज से लेकर सरकार को इस पर चिंतित होना चाहिए कि सार्वजनिक जीवन में कहां और क्या ऐसी चूक हो रही है कि जिस उम्र में बच्चों को सद्भाव का प्रतीक होना चाहिए, पढ़ाई में दिलचस्पी लेनी चाहिए, मामूली बातों पर थोड़ा झगड़ने के बाद फिर साथ मिल कर खेलना-कूदना और दोस्ती करना चाहिए, प्यार का संदेश बनना चाहिए, उस उम्र में सिगरेट जैसी लत का शिकार होने से आगे वे असंतुलित मन:स्थिति में चले जा रहे हैं। सवाल है कि इतनी कम उम्र में बच्चों के भीतर ऐसी विकृति और आक्रामकता कहां से आ रही है, जो कई बार जघन्य अपराधों की हद तक चली जाती है। क्या यह शिक्षा और पालन-पोषण में जरूरी तकाजों का खयाल नहीं रखने का नतीजा है? या फिर यह ऐसे माहौल की देन है जो बिना शोर के हमारे आसपास बन रहा है और या तो हम उस पर ध्यान नहीं दे पाते या फिर उसे अपनी सुविधा के तौर पर देखते हैं?

Health is Wealth

बच्चे को लग गई है टीवी की लत, तो ऐसे रखें आंख और कान सुरक्षित

एक शिशु के घर में जन्म लेते ही न सिर्फ परिवार पूरा होता है बल्कि माता-पिता की उसके प्रति कई जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। खासतौर पर तब जब आप पहली बार मां बन रही हों। नवजात बच्चा बहुत ही नाजुक होता है। उसे प्यार दुलार के साथ बहुत देखभाल की भी जरुरत होती है। छोटे बच्चों का इम्यून सिस्टम कमजोर होने की वजह से वह रोगों की चपेट में जल्दी आते हैं। समस्या तब और ज्यादा बढ़ जाती है जब पहली बार मां बनने वाली महिलाओं को नवजात की परवरिश से जुड़ी सभी चीजों की ज्यादा जानकारी नहीं होती। ऐसे में अगर आप पहली बार मां बनी हैं तो नवजात शिशु की देखभाल से जुड़ी इन बातों का रखें खास ख्याल।

बच्चे के टीवी मोबाइल देखते समय रखें इन बातों का ध्यान

ज्यादातर बच्चों का रिजल्ट आ चुका है और स्कूल खुलने से पहले मिली छुट्टियों का बच्चे घर बैठकर मजा ले रहे हैं। उनकी इस छुट्टियों में मोबाइल और टीवी उनके सबसे अच्छे दोस्त बन गए हैं। अगर आपके घर का हाल भी कुछ ऐसा ही है, आपको भी लगता है कि आपके बच्चे को मोबाइल या टीवी की लत लग गई है तो तुरंत ये टिप्स अपनाकर उससे उनकी आंखों और कान को होने वाले नुकसान से बचाएं।

पलकें झपकाने की आदत

द न्यू इंग्लैंड जनरल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार किसी भी व्यक्ति के स्क्रीन देखते समय उसकी पलकें झपकाने की स्पीड आधी हो जाती है। जिसकी वजह से उसे आंखों में ड्राइनेस की समस्या होने लगती है। ऐसे में ड्राई आइज की समस्या से बचने के लिए बच्चों को पलकें झपकाने की आदत डालें।

बड़ी स्क्रीन का करें चुनाव

बच्चा फिल्म या कार्टून देख रहा है तो उसे मोबाइल की जगह टीवी पर देखने के लिए कहें। ज्यादा देर तक छोटी स्क्रीन को देखते रहने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है। जबकि स्क्रीन पर फोटो जितनी बड़ी दिखेगी, आंखों पर उतना ही कम प्रेशर पड़ेगा।

रोशनी का रखें खयाल

पैरेंट्स इस बात का खयाल रखें कि जब आपका बच्चा स्क्रीन देख रहा हो तो उस कमरे में अच्छी रोशनी होनी चाहिए। इसके अलावा इस बात का भी ध्यान रखें कि रोशनी कभी भी स्क्रीन के पीछे से नहीं बल्कि खिड़की से आनी चाहिए। स्क्रीन के पीछे से लाइट आने पर बच्चे की आंखों पर दबाव पड़ता है।

कानों को भी रखें सुरक्षित

अगर आपका बच्चा 3 साल से कम उम्र का है तो उसे हेडफोन यूज करने के लिए न दें। लेकिन आपके मना करने के बावजूद अगर वो आपकी बात नहीं मान रहा है तो हियरिंग लेवल से 50 परसेंट तक आवाज कम रखें।

Highlights

1. Man who attacked priests at Morinda gurdwara dies at hospital
2. Portion of road in Delhi's Hauz Rani caves in after heavy rainfall
3. 29-yr-old former UFC fighter Felipe Colares dies after being hit by a bus
4. Musk to pay $10,000 to Indian-American critic to settle defamation case
5. Morgan Stanley to lay off 3,000 more employees: Reports
6. Fan travels hours to meet Rakul Preet in Hyderabad, shares picture

IAS aspirant alleges Byju's of 'fraudulent behaviour', court orders refund

NEW DELHI, (Agency). An Union Public Service Commission (UPSC) Civil Services Exam (CSE) aspirant has filed a complaint against the ed-tech brand Byju's accusing its manager and Bollywood superstar Shah Rukh Khan of 'fraudulent behaviour' and 'unfair trade practices'. Priyanka Dikshit, who started her preparation for the competitive exam in 2021, said in her complaint that she didn't receive the coaching facility from the platform for which she had paid around ₹1.8 lakh, according to Mint.

The complaint was filed at the district consumer court, which then ordered the manager and the Bollywood actor to return the fees along with compensation.

" ₹1.08 lakh in fees deposited by complainant Priyanka Dixit at the time of admission in 2021 must be returned along with 12 per cent annual interest, while ₹5,000 must be given to her as litigation cost and ₹50,000 as compensation for financial and mental agony," the court stated in its order as quoted by Mint.

The aspirant also alleged she was lured into the course through false and misleading online advertisements on behalf of Byju's competitors, adding that she was influenced by an advertisement by Shah Rukh Khan. She also said that she was promised a refund which was still not paid.

The district court has given a 30-day deadline to the ed-tech firm's Indore-based manager and the actor to jointly or separately refund the amount.

The development came after offices of Byju's CEO Raveendran was searched by the Enforcement Directorate (ED) under Foreign Exchange Management Act (FEMA) for allegedly receiving ₹28,000 crore worth of foreign direct investment (FDI) between 2011 and 2023.

However, the Byju's CEO said in a letter to his employees that the education platform has brought more FDI to India than any other startup after fully complying with the applicable FEMA provisions.

GST collection hits highest-ever monthly record in April, reaches 1.87 lakh crore

NEW DELHI, (Agency). GST collection grew by 12 per cent in April to ₹1.87 lakh crore, the highest monthly mop-up since the rollout of the indirect tax regime.

The gross GST revenue collected in the month of April 2023 is ₹1,87,035 crore of which CGST is ₹38,440 crore, SGST is ₹47,412 crore, IGST is ₹89,158 crore (including ₹34,972 crore collected on import of goods) and cess is ₹12,025 crore, the finance ministry said in a statement.

The previous high collection of ₹1.68 lakh crore was in April last year.

"The revenues for the month of April 2023 are 12 per cent higher than the GST revenues in the same month last year," the ministry said.

During the month, the revenues from domestic transactions (including import of services) are 16 per cent higher than the revenues from these sources during the same month last year.

The total gross collection for the 2022-23 fiscal stood at ₹18.10 lakh crore, 22 per cent higher than the previous year.

Bengluru

अतीक की हत्या का कर्नाटक में असर, योगी आदित्यनाथ की रैलियां हैं गवाह; समझें मायने

बेंगलुरु, एजेंसी कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कर्नाटक में इन दिनों स्टार प्रचारक के रूप में मौजूद हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद कर्नाटक के लोगों में सीएम योगी की मांग और बढ़ गी है। 15 अप्रैल को प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या कर दी गई थी।

कर्नाटक में योगी के इस करिश्मे के पीछे उनका एक वीडियो भी है

जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और योगी आदित्याथ की बहस हुई थी। इसमें उमेश पाल हत्याकांड का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा था 'माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।' उन्होंने उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर और माफिया के खिलाफ जीरो टॉलेरेंस की बात कही थी।

कर्नाटक में 10 मई को मतदान होने जा रहा है और 13 मई को परिणाम घोषित किए जाएंगे। बीते कई सालों से भाजपा योगी आदित्यनाथ को अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल करती है। इस बार भी पार्टी ने योगी का करिश्मा देखने के लिए उन्हें कर्नाटक भेजा है। बता दें कि हिंदूवादी छवि वाले योगी आदित्यनाथ के लिए तटीय कर्नाटक अच्छी जमीन बना हुआ है। यहां हिंदुत्व एक बड़ा मुद्दा है।

New Delhi

गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की तिहाड़ जेल में लोहे की रॉड घोंपकर हत्या

रोहिणी कोर्ट शूटआउट में आया था नाम

नई दिल्ली, एजेंसी देश के हाई सिक्योरिटी जेल मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में गैंगवार की खबर सामने आई है. इस गैंगवार में कुख्यात गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या कर दी गई. टिल्लू ताजपुरिया पर रोहिणी कोर्ट में शूटआउट कराने का आरोप लगा था, जितेंद्र गोगी की हत्या करवाने का आरोप लगा था.

बताया जा रहा है कि तिहाड़ जेल में योगेश टुंडा और उसके साथी दीपक तीतर ने लोहे की रॉड से टिल्लू पर हमला किया था. इसके बाद उसे डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां सुबह 6.30 बजे उसकी मौत हो गई. हालांकि, अभी तिहाड़ जेल प्रशासन हार्ट अटैक से मौत बता रहा है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

रोहिणी कोर्ट शूटआउट में आया था नाम

टिल्लू ताजपुरिया तिहाड़ जेल से कुख्यात बदमाश नवीन बाली, कौशल और गैंगस्टर नीरज बवानिया के साथ मिलकर गैंग ऑपरेट करता था. उसका नाम रोहिणी कोर्ट शूटआउट में आया था. सितंबर 2021 में रोहिणी कोर्ट में वकील की ड्रेस पहनकर आए दो हमलावरों ने जज के सामने गैंगस्टर जितेंद्र गोगी पर गोलियां बरसा दी थीं. गोगी की मौके पर ही मौत हो गई थी. हालांकि, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों शूटर भी मारे गए थे. तब टिल्लू ताजपुरिया मंडोली जेल में बंद था और उसकी गोगी गैंग से दुश्मनी थी और उसका नाम इस शूटआउट से जुड़ा था.

Bihar

राजद नेता को गोली मारने की सजा, पुलिस निशानदेही करती रही और आरोपी मार डाला गया

बेगूसराय, (एजेंसी) बेगूसराय में भीड़ ने एक युवक को पीट-पीटकर मार डाला। उसपर आरोप था कि वह राजद नेता सह पूर्व मुखिया सुखराम महतो को गोली मारकर भाग रहा था। ग्रामीणों ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। इसके बाद पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना बीरपुर थाना क्षेत्र की है। मृतक युवक की पहचान बीरपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले सौरभ कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मॉब लिचिंग में सौरभ कुमार की मौत हो गई। ग्रामीणों उसपर पूर्व मुखिया के जानलेवा हमले का आरोप लगा रहे थे। इस मामले में कौन-कौन लोग शामिल थे, उनकी पहचान की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। सदर डीएसपी अमित कुमार ने बताया है कि सोमवार की देर शाम राजद नेता को अपराधियों द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया गया था।

Uttarpradesh

अयोध्या मंदिर के पुजारी ने फेसबुक लाइव कर खुदकुशी की, वीडियो में सिर की पगड़ी उतार कर फंदा बनाते दिखे

अयोध्या, (एजेंसी) अयोध्या में कोतवाली क्षेत्र के रायगंज चौकी से चंद कदम दूर नरसिंह मंदिर के पुजारी राम शंकर दास का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला है। इस बीच पुजारी का एक फेसबुक लाइव भी वायरल हो गया। इसमें उन्होंने क्षेत्र के दरोगा और सिपाही पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। कोतवाल मनोज कुमार के मुताबिक उन्हें घटना की जानकारी सोमवार की सुबह 9 बजे हुई जब मंदिर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने मुख्य दरवाजे को देर तक बंद देखा। पुलिस ने कमरे का ताला तोड़ा तो देखा वे फंदे से लटके हैं। उन्होंने बताया आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। इसी बीच पुजारी द्वारा बनाया गया फेसबुक लाइव वायरल होने लगा जिसमे उन्होंने मरने के पहले रायगंज पुलिस चौकी प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाने के बाद मोबाइल को ठीक जगह रखते हुए उन्होंने अपने सिर में बांधी पगड़ी खोली और उसके कपड़े से फंदा बनाकर गले में डालते हुए ऊपर किसी खूंटी से बांधते दिखे।

खेल

बैंगलोर ने अपना सबसे कम स्कोर डिफेंड किया, 127 रन नहीं बना पाया लखनऊ

अनुष्का को मिला बर्थडे गिफ्ट

लखनऊ, (एजेंसी) रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 18 रन से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बैंगलोर ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 126 रन बनाए। कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 19.5 ओवर में 108 रन पर सिमट गई। कृष्णप्पा गौतम ने सबसे ज्यादा 13 गेंदों में 23 रन बनाए।

इस हार के साथ लखनऊ की टीम दूसरे से तीसरे स्थान पर लुढ़क गई है। उसके नौ मैचों में पांच जीत और चार हार के साथ 10 अंक हैं। वहीं, बैंगलोर के भी नौ मैचों में पांच जीत और चार हार के साथ 10 अंक हो गए हैं। बैंगलोर की टीम अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

इस जीत से बैंगलोर ने लखनऊ से पिछली हार का

बदला भी ले लिया है। लखनऊ ने चिन्नास्वामी में बैंगलोर को एक विकेट से हराया था। लखनऊ ने 213 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था। बैंगलोर ने आईपीएल में अपने सबसे कम स्कोर को डिफेंड करने के रिकॉर्ड की बराबरी की। इससे पहले 2008 में भी बैंगलोर ने चेन्नई के खिलाफ 126 रन ही डिफेंड किया था। सोमवार को विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा का जन्मदिन भी था। बैंगलोर और विराट कोहली ने उन्हें जीत का तोहफा दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बैंगलोर की शुरुआत सधी हुई रही थी। स्पिन को मददगार पिच पर कप्तान फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली ने पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को रवि बिश्नोई ने तोड़ा। उन्होंने विराट कोहली को विकेटकीपर निकोलस पूरन के हाथों स्टंप कराया। कोहली 30 गेंदों में तीन चौके की मदद से 31 रन बनाए।

इसके बाद विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। कृष्णप्पा गौतम ने फिर अनुज रावत (9) को आउट किया। बिश्नोई ने ग्लेन मैक्सवेल को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह चार रन बना सके। अमित मिश्रा ने फिर कप्तान फाफ डुप्लेसिस (44 रन) और सुयश प्रभुदेसाई को पवेलियन भेजा।

महिपाल लोमरोर तीन रन, कर्ण शर्मा दो रन, मोहम्मद सिराज खाता खोले बिना आउट हुए। तीनों को नवीन उल हक ने पवेलियन भेजा। दिनेश कार्तिक 11 गेंदों में 16 रन बनाकर रन आउट हुए। वहीं, वानिंदु हसरंगा आठ रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ की ओर से नवीन उल हक ने तीन विकेट लिए। वहीं, रवि बिश्नोई और अमित मिश्रा को दो-दो विकेट मिले।

सिनेमा

प्रियंका चोपड़ा ने पहना 2 अरब का नेकलेस, इवेंट के बाद किया जाएगा नीलाम

प्रियंका चोपड़ा ने मेट गाला 2023 में अपने दिलकश अंदाज से सभी का दिल जीता। ब्लैक एंड व्हाइट कलर के आउटफिट के साथ प्रियंका चोपड़ा गले में काफी यूनिक डायमंड नेकलेस पहने नजर आईं। प्रियंका चोपड़ा के गले में यह नेकलेस बहुत खूबसूरत लग रहा था और अब इसके बारे में एक ऐसी चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है जो काफी शॉकिंग है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा ने गले में 11.6 कैरेट का डायमंड पहना हुआ था और इस नेकलेस को Bulgari ने डिजाइन किया था। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक ट्वीट के मुताबिक इस नेकपीस की कीमत 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर (2,04,38,57,500 रुपये) है। कीमत आपको शॉकिंग लग सकती है लेकिन दावे के मुताबिक 2 अरब रुपये का यह नेकलेस इस इवेंट के बाद ऑक्शन कर दिया जाएगा। ट्वीट में बताया गया है कि उसका 204 करोड़ रुपये का यह डायमंड नेकलेस बुलगारी की तरफ से है और गाला इवेंट के बाद इसे ऑक्शन कर दिया जाएगा। प्रियंका चोपड़ा इस साल मेट गाला इवेंट में वैलेंटिनो का डिजाइन किया हुआ आउटफिट पहनकर पहुंचीं। इस हाई स्लिट ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट के साथ उन्होंने हाथ में व्हाइट ग्लव्स पहने थे और बालों को ऊपर की तरह बांधा हुआ था। प्रियंका चोपड़ा का यह लुक फौरन ही इंटरनेट पर वायरल हो गया।

सब्जी व्यापारी से एक करोड़ की फिरौती मांगने वाला पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजेंद्र नगर पुलिस ने सब्जी व्यापारी को धमकी भरा पत्र भेजकर एक करोड़ रूपए की फिरौती की मांग करने वाले आरोपी को गिर तार कर लिया है।

राजेंद्र नगर पुलिस को चोइथराम मंडी में सब्जी के बड़े व्यापारी कल्लू बागड़ी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे अनजान पत्र मिला है जिसमें माध्यम से 25 लाख रूपए फिर 40 लाख रूपए और वो न देने पर एक करोड़ रूपए देने अन्यथा उसके बच्चे,नाती दामाद आदि के अपहरण कर जान से मार डालने की धमकी दी थी। उक्त सूचना मिलते ही राजेंद्र नगर पुलिस ने फिरौती

मांगने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिसल ने अखिलेश वर्मा को पकड़ा जो कि व्यापारी कल्लू बागड़ी की दुकान पर ही किसानों से माल खरीद कर बेचने का काम करता था। आरोपी अखिलेश व्यापारी कल्लू बागड़ी की आर्थिक व सामाजिक स्थिति से वाकिफ था।

पुलिस अफसरों द्वारा आरोपी अखिलेश से पूछताछ करने पर उसने बताया कि लगभग पांच साल से उसकी आर्थिक स्थित खराब थी यही वजह थी कि उसने यह षडयंत्र रचा। पूछताछ में उसने बताया कि उस पर करीब 15 लाख रूपए का कर्ज हो गया था उसने पहले कल्लू बागड़ी से कुछ रूपए उधार भी मांगे लेकिन कल्लू ने उसे दुकान पर ही काम करने वाले भारत के कहने से रूपये उधार देने से मना कर दिया जिससे आरोपी अखिलेश वर्मा नाराज था और इसके कारण उसने घटना को अंजाम दिया।

महिलाओं ने किया शराब दुकान का विरोध

● धरना प्रदर्शन, बच्चों ने भी लगाए हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र में शराब दुकान को लेकर मुस्लिम समाज की महिलाओं ने सोमवार रात धरना प्रदर्शन किया। चंदन नगर थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 71 में शराब दुकान का विरोध किया गया। इस दौरान हिंदुस्तान जिंदाबाद और शराब की दुकान बंद करो के नारे लगाए गए। उनका कहना है कि, शराब की दुकान के कारण इलाके में उत्पाद और विवाद प्रतिदिन बना रहता है।

चंदन नगर थाना क्षेत्र की स्कीम नंबर 71 के रहवासियों का कहना है कि, शराब की दुकान के कारण इलाके में उत्पाद और विवाद प्रतिदिन बना रहता है। इसके बावजूद भी शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। प्रशासन द्वारा अहाते बंद कर देने के बावजूद भी शराब की दुकान के अंतर्गत कई लोग शराब पीते नजर आते हैं। उनसे कुछ भी कहने पर कहासुनी हो जाती है, जो कि विवाद का कारण बनता है। लगातार जिला प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी अब तक किसी प्रकार से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके चलते चंदन नगर थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 71 के कई रहवासी सोमवार देर रात एक बार फिर धरने पर बैठे और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

बहन की बिदाई से पहले युवक ने दी जान

इंदौर। चंदन नगर के सिरपुर इलाके में एक युवक ने फांसी लगा ली। बुधवार को उसकी छोटी बहन की शादी है। इस बीच मंगलवार देर रात भाई विशाल पुत्र मुकेश चौधरी (22 वर्ष) ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। विशाल की छोटी बहन की शादी के लिए मंडप सज चुका है। कल उसकी बरात हातोद से आने वाली है। इससे पहले भाई की फांसी से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

बाइक ने किसान की जान ली

मंगलवार देर रात धार रोड पर श्री राम तलावली के पास मोटरसाइकिल सवार ने किसान को टक्कर मार दी। हादसे में किसान ताराचंद देवीसिंह 52 साल निवासी दातोदा की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक किसान ताराचंद पारिवारिक शादी समारोह से लौट रहे थे।

तस्कर से ब्राउन शुगर बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर बाणगंगा पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर 12 ग्राम ब्राउन शुगर जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत एक लाख रुपए है बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। बाणगंगा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस कमिश्नर मकरम देउसकर के निर्देश पर शहर में ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है।**

इसी के चलते क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त उपायुक्त गुरु प्रसाद पाराशर को मुखबिर से खबर मिली थी कि बाढ़ गंगा क्षेत्र में तस्कर ब्राउन शुगर की सप्लाई करने आने वाला है। पाराशर के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की टीम ने बाणगंगा पुलिस के साथ मिलकर नीरज उर्फ पप्पू सिसोदिया निवासी इमोजी लाइन को गिरफ्तार कर तलाशी लेने पर उसके पास से 12 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि ब्राउन शुगर कहां से लाया था और किसी देने जा रहा था। इसी प्रकार तेजाजी नगर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल पर जा रहे नरेश पिता मूलचंद परमार निवासी संतनगर को पकड़ा तलाशी लेने पर उसके पास से 530 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

युवक पर जानलेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शराब दुकान पर पहुंचे युवक को बदमाशों ने घेर लिया और उस पर चाकू व डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के चलते क्षेत्र में अफरा -तफरी मच गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।**

परदेशीपुरा पुलिस ने बताया कि राजू पिता वि_लराव पवार निवासी फिरोज गांधी नगर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दोस्त गणेश पिता बालनाथ के साथ निवासी बंसी प्रेस की चाल रात में बंसी प्रेस के पास शराब की बोतल खरीदने गया था जहां राहुल उर्फ कालू निवासी जीवन की फेल विकास उर्फ चिंटू निवासी टापू नगर और अभिषेक उर्फ़ आशु ने बेवजा उसे गालियां देते हुए कहा कि तू क्षेत्र में खूब दादागिरी करता है इसी बात को लेकर उस पर चाकू से हमला किया और फरार हो गए । घटना से वहां अफरा-तफरी मच गई। गणेश को तत्काल बड़े अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत खबर लिखे जाने तक गंभीर बनी हुई थी। पुलिस के मुताबिक गणेश की दोनों पैरों की जांग और कमर पर चाकू के घाव पाए गए हैं। परदेशीपुरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 294 और 506 का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

स्थापना दिवस मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर।** श्री नाकोड़ा पारसनाथ जिनालय गुमास्ता नगर श्रीसंघ में आज शासन स्थापना दिवस हर्ष उल्लास से मनाया गया। अमित अनंत प.पू. शुद्धिप्रसन्नशासना श्रीजी महाराजा सा की निश्रा में प्रभातफेरी,ध्वजा वंदन,पाठशाला के बच्चो द्वारा शासन स्थापना दिवस पर नुक्कड़ नाटक,नृत्य,गायन आदि प्रस्तुतियां दी ।जिनशासन यात्रा में छोटे बच्चो से लेकर बड़ों तक सभी सेकडो की संख्या में शामिल हुए। यात्रा नाकोड़ा मंदिर गुमास्ता नगर से सीमांधर स्वामी जिनालय से नाकोड़ा मंदिर गुमास्ता नगर पे संपूर्ण हुई। विशेष अतिथि के रूप में अक्षय कांति बम पधारे और उन्होंने झंडा वंदन किया। इस कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र जी,भूपेंद्र जी जैन, सुधीर सेठिया,सतीश जी जैन,अभय जी कटारिया सभी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

शनि मंदिर में चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बेटमा में चोरों ने शनि मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक फरियादी अनोखीलाल पिता बाबूलाल जोशी कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सुबह जब मंदिर पहुंचे तो ताला टूटा मिला। अज्ञात बदमाश रात्रि में मंदिर का ताला तोडक़र पीतल की गाय माता की मूर्ति,तीन तांबे के लोटे,तीन बड़ी घंटी,तांबे का बड़ा घड़ा और अन्य सामान चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आरोपियो का अभी कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

sponcership

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।